समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 25 August 2026

# बिना संसाधनों के शुरुआत, आज सफल उद्योगपति : Tanaji Patil की प्रेरणादायक सफलता गाथा

Sanket Morankar Published on 25 Mar 2026



महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के चंदगड तालुका के छोटे से गांव बसर्गे में जन्मे Tanaji Patil आज अपनी मेहनत, जिद और दूरदृष्टि के दम पर उद्योग जगत में एक मजबूत पहचान बना चुके हैं। एक साधारण और अशिक्षित परिवार में जन्म लेने वाले Tanaji Patil अपने परिवार में शिक्षा प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति थे।

बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रहे Tanaji Patil ने पहली से दसवीं तक हर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। चौथी और सातवीं में उन्हें स्कॉलरशिप भी मिली। आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि उन्हें रोजाना 3 किलोमीटर तक अनवाणी (बिना चप्पल) चलकर स्कूल जाना पड़ता था।

दसवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के बावजूद आगे की पढ़ाई एक बड़ी चुनौती थी। कोल्हापुर में पढ़ाई का खर्च वहन न कर पाने के कारण उन्होंने पास के शुगर फैक्ट्री के पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश लिया।

कम संसाधनों के बावजूद उन्होंने साइकिल से आना-जाना करते हुए, बिना नई किताबों के, केवल दोस्तों और लेक्चरर की नोट्स के सहारे डिप्लोमा फर्स्ट क्लास में पूरा किया।

इसके बाद उन्होंने पुणे में नौकरी की शुरुआत की, जहां उनका पहला वेतन मात्र 350 रुपये था। करीब 7 वर्षों में कई कंपनियों में काम करते हुए उनका वेतन 3000 रुपये तक पहुंचा, लेकिन इस दौरान उन्होंने जो अनुभव हासिल किया, वही उनकी असली ताकत बना।

नौकरी के दौरान Tanaji Patil को भारत के साथ-साथ चीन, UAE और वियतनाम जैसे देशों में काम करने का अवसर मिला। यहां उन्होंने बॉयलर और थर्मल हीट रिकवरी प्रोजेक्ट्स पर काम करते हुए प्रोजेक्ट इरेक्शन और कमिशनिंग का गहरा अनुभव हासिल किया।

यही अनुभव आगे चलकर उनके व्यवसाय की मजबूत नींव बना।

साल 2010 में उन्होंने पार्टनरशिप में व्यवसाय की शुरुआत की और 10 वर्षों में कई सफल प्रोजेक्ट्स पूरे किए।

इसके बाद वर्ष 2020 में उन्होंने अपनी खुद की कंपनी **Urjatherm Industries Pvt Ltd** की स्थापना की।

पिछले 5 वर्षों में उनकी कंपनी ने पूरे भारत में 25 से 30 से अधिक **Energy Saving Projects** सफलतापूर्वक पूरे किए हैं।

कंपनी ऑटोमोबाइल, पॉलिस्टर, केमिकल, फूड और शुगर इंडस्ट्री सहित कई क्षेत्रों में **Waste Heat Recovery** प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रही है।

प्रमुख सेवाएं:

- Boiler Exhaust Heat Recovery
- Furnace & Oven Exhaust Systems
- Compressor Heat Recovery
- Economizer, Air Pre-Heater, Heat Exchanger
- Turnkey Thermal Projects

आज के ग्लोबल वार्मिंग के दौर में Tanaji Patil ऊर्जा बचत के माध्यम से उद्योगों की उत्पादन लागत कम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

उनका लक्ष्य केवल व्यवसायिक सफलता नहीं, बल्कि ऊर्जा संरक्षण के माध्यम से देश के औद्योगिक विकास में योगदान देना है।

अपने इस सफर में Tanaji Patil अपने भाई-बहनों के सहयोग को महत्वपूर्ण मानते हैं। साथ ही, उनकी पत्नी का निरंतर समर्थन उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत रहा है।

इसके अलावा, उनके सप्लायर्स और क्लायंट्स का विश्वास और सहयोग भी उनके व्यवसाय की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बना है।

Tanaji Patil का मानना है कि
**"आप जैसा व्यवहार दूसरों के साथ करते है, वैसा ही व्यवहार आपको वापस मिलता है।"**

उनकी यही सकारात्मक सोच और लोगों के साथ अच्छे संबंध उनकी सफलता का एक बड़ा कारण रही है।

Tanaji Patil की उद्यमशीलता, मेहनत और उल्लेखनीय उपलब्धियों को देखते हुए उनका चयन वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित "**Maharashtra UDYOG-RATNA Puraskar**" के लिए किया गया है।

यह सम्मान Reseal.in द्वारा प्रदान किया जा रहा है, जो महाराष्ट्र के उभरते उद्यमियों और प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य कर रहा है।

उनका यह चयन न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

इस भव्य पुरस्कार समारोह में फिल्म जगत की प्रसिद्ध हस्तियां अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी:

- Tejaswini Pandit
- Makrand Anaspure

इस कार्यक्रम का आयोजन Sudhir Kumar Pathade
(Founder & CEO – Reseal.in | Sure Me Multipurpose Pvt. Ltd.) के नेतृत्व में किया जा रहा है,
जो लगातार महाराष्ट्र के उभरते उद्यमियों, डिजाइनर्स और क्रिएटिव टैलेंट को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहे हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which

effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.